# UPSSSC_ Revenue_Lekhpal_2015 _Shift2

# राजस्व लेखपाल परीक्षा, 2015

## द्वितीय पाली

(परीक्षा तिथि : 13 सितम्बर, 2015)

**व्याख्यात्मक हल प्रश्न-पत्र**

## भाग-1 : हिन्दी

**1. "वह अगले साल आएगा" ----- इस वाक्य में कौन-सा कारक है?**

(a) अपादान कारक (b) सम्बन्ध कारक
(c) अधिकरण कारक (d) कर्म कारक

उत्तर-(c)

व्याख्या-दिये गये वाक्य "वह अगले साल आएगा" में अधिकरण कारक होगा। क्योंकि साल आएगा अर्थात् अगले साल में आएगा, 'में' विभक्ति (चिह्न) अधिकरण कारक का है।

**2. "उदय शब्द का विलोम शब्द छाँटिए।**

(a) लाल (b) भासित
(c) बलिष्ठ (d) अस्त

उत्तर-(d)

व्याख्या-"उदय" शब्द का विलोम अस्त होता है। लाल का हरा एवं बलिष्ठ का निर्बल और भासित का अभासित होता है।

**3. निम्नलिखित में से किस वाक्य में भविष्य काल है?**

(a) मैं आपकी प्रतीक्षा करूँगा।
(b) मैंने एक पेड़ काट लिया।
(c) मैं पुस्तक पढ़ने वाला था।
(d) मैं आपका आभारी हूँ।

उत्तर-(a)

व्याख्या-जिस वाक्य में गा, गी, गे आये वह भविष्य काल होता है।

**निर्देश :प्रश्न सं. 4 और 5 में, लिखित लोकोक्तियों। मुहावरों के सही अर्थ चुनकर लिखिए।**

**4. "ऊँट के मुँह में जीरा"**

(a) बहुत अधिक खाने वाले को बहुत कम देना
(b) जानवर को दवाई देना
(c) बड़े प्राणी को सान्त्वना देना
(d) बहुत बड़े प्राणी का भोजन बनना

उत्तर-(a)

व्याख्या-'ऊँट के मुँह में जीरा' मुहावरे का आशय - बहुत अधिक खाने वाले को बहुत कम देना।

**5. "जूते चाटना**

(a) इधर-उधर घूमना (b) घूस देना
(c) जूतों को चमकदार बनाना (d) खुशामद करना

उत्तर-(d)

व्याख्या-'जूते चाटना' का आशय - जरूरत से ज्यादा तारीफ करना अर्थात् उसकी खुशामद करना।

**निर्देश : प्रश्न सं. 6 और 7 के वाक्यों में आए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

**6. माताजी को------।**

(a) आर्शीवाद (b) शुभाकांक्षा
(c) प्रणाम (d) स्नेह

उत्तर-(c)

व्याख्या-उक्त वाक्य का पूर्ण रूप है - माताजी को प्रणाम।

**7. ऐसा व्यक्ति, जिसके आने का दिन और समय पहले से निश्चित नहीं होता।**

(a) अभ्यागत (b) गणमान्य
(c) अतिथि (d) असामयिक

उत्तर-(c)

व्याख्या-ऐसा व्यक्ति, जिसके आने का दिन और समय पहले से निश्चित नहीं होता अतिथि कहलाता है।

**8. "स्वच्छ" शब्द का पर्यायवाची शब्द बताइए।**

(a) पंकिल (b) नीरज
(c) नीरद (d) निर्मल

उत्तर-(d)

व्याख्या-'स्वच्छ' शब्द का पर्यायवाची निर्मल होता है।

**निर्देश : प्रश्न सं. 9 और 10 के वाक्यों में से कुछ में त्रुटियाँ हैं। त्रुटि वाले वाक्य के जिस भाग में त्रुटियाँ हों, उसके अनुरूप अक्षर (a, b, c) वाले गोले को काला करें। यदि वाक्य में कोई त्रुटि न हो, तो (d) वाले गोले को पूरी तरह काला करें।**

**9. मुझे कल/दो किलो/लीची खरीदने हैं/कोई त्रुटि नहीं।**

(a) मुझे कल (b) दो किलो
(c) लीची खरीदने हैं (d) कोई त्रुटि नहीं

उत्तर-(c)

व्याख्या-मुझे कल दो किलो लीची खरीदनी है। शुद्ध वाक्य होगा।

10. अपने-अपने किताबें/बस्ते में/डाल लो/कोई त्रुटि नहीं।
(a) अपने-अपने किताबें (b) बस्ते में
(c) डाल लो (d) कोई त्रुटि नहीं
उत्तर-(a)

निर्देश : प्रश्न सं. 11 और 12 में, अनेकार्थी शब्द दिए गए हैं/एक अर्थ के साथ ही लिखा है, दूसरा अर्थ बताइए।

11. "प्रमत्त-स्वेच्छाचारी"
(a) उन्मत्त (b) प्रपीड़ित
(c) परितप्त (d) उत्कृष्ट
उत्तर-(a)

व्याख्या-प्रमत्त-स्वेच्छाचारी का अनेकार्थी उन्मत भी होता है।

12. "कनक-धतूरा"
(a) प्रसाद (b) कसौटी
(c) आभूषण (d) सोना
उत्तर-(d)

व्याख्या-'कनक' का आशय सोना होता है।

13. "रीत्यनुसार" शब्द का संधि-विच्छेद क्या होगा?
(a) रीति + अनुसार (b) रीत्य + अनुसार
(c) रीतु + अनुसार (d) रीत + अनुसार
उत्तर-(a)

व्याख्या-'रीत्यनुसार' का संधि विच्छेद रीति + अनुसार होगा। इसमें यण संधि होता है।

निर्देश : प्रश्न सं. 14 और 15 में, लिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।

14. (a) वह एक महिला विद्वान थी।
(b) वह एक विदुषी महिला थी।
(c) एक विदुषी महिला थी वह।
(d) वह एक विद्वान महिला थी।
उत्तर-(b)

व्याख्या-वह एक विदुषी महिला थी। उक्त चारों वाक्यों में शुद्ध वाक्य है।

15. (a) वह प्रमाण सहित अपनी बात बताएगा।
(b) वह सप्रमाण के साथ अपनी बात बताएगा।
(c) एक प्रमाण के सहित अपनी बात बताएगा।
(d) वह सप्रमाण सहित अपनी बात बताएगा।
उत्तर-(a)

व्याख्या-वह प्रमाण सहित अपनी बात बताएगा। उक्त सभी वाक्यों में यही शुद्ध वाक्य है।

निर्देश : प्रश्न सं. 16 और 17 में, लिखित वाक्यों के लिए एक शब्द चुनिए।

16 "किसी की सहायता करने वाला"।
(a) सहायक (b) सहृदय
(c) सहचर (d) सहकार
उत्तर-(a)

व्याख्या-किसी की सहायता करने वाले को सहायक कहते हैं। जो हृदयवान हो 'सहृदय', साथ चलने वाले को 'सहचर' तथा साथ कार्य करने वाले को सहकार कहते हैं।

17. "भला चाहने वाला"।
(a) नि:स्वार्थ (b) पुण्यात्मा
(c) हितैषी (d) सहायक
उत्तर-(c)

व्याख्या-"भला चाहने वाला" को हितैषी कहते हैं।

18. अँखिया हरि दरसन की भूखी।
कैसे रहें रूप रस राँची, ए बतियाँ सुनि रूखीं।
उपर्युक्त पंक्तियों में कौन सा रस है?
(a) वीर रस (b) वियोग श्रृंगार रस
(c) शान्त रस (d) संयोग श्रृंगार रस
उत्तर-(b)

व्याख्या-उक्त पद्यांश में वियोग श्रृंगार रस है।

19. "विद्वान" शब्द का स्त्रीलिंग क्या होगा?
(a) विदुषी (b) विद्वंती
(c) विद्यामती (d) विद्यावंती
उत्तर-(a)

व्याख्या-विद्वान शब्द का स्त्रीलिंग 'विदुषी' होता है।

20. निम्नलिखित शब्दों में से तद्भव शब्द का चयन कीजिए :
(a) प्यास (b) प्रांगण
(c) उद्वेग (d) आश्रम
उत्तर-(a)

व्याख्या-'प्यास' तद्भव शब्द है। अन्य सभी तत्सम शब्द है।

21. "काली घटा का घमंड घटा" उपर्युक्त पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?
(a) यमक (b) उपमा
(c) उत्प्रेक्षा (d) रूपक
उत्तर-(a)

व्याख्या-'काली घटा का घमंड घटा' इसमें यमक अलंकार है।

22. "चाकू" शब्द का बहुवचन क्या होगा?
(a) चाकूएँ (b) चाकुओं
(c) चाकुओ (d) चाकू
उत्तर-(d)

व्याख्या-चाकू एक अकारान्त पुल्लिंग है। इसका बहुवचन 'चाकू' ही होगा।

23. "त्रिवेणी" शब्द में कौन-सा समास है?
(a) कर्मधारय (b) बहुव्रीहि
(c) द्विगु (d) द्वन्द्व
उत्तर-(c)

व्याख्या-त्रिवेणी शब्द में द्विगु समास है, यह संख्यावाचक बोधक है।

24. निम्नलिखित विकल्पों में से तत्सम शब्द का चयन कीजिए :

(a) तीखा (b) अटारी
(c) निकृष्ट (d) गहरा

उत्तर-(c)

व्याख्या-उक्त विकल्पों में तत्सम शब्द निकृष्ट है।

25. निम्नलिखित वाक्य में मोटे छपे शब्द की शुद्ध वर्तनी कौन-सी है?

अत्याधिक व्यस्तता से जीवन में नीरसता आ जाती है।

(a) अत्यधिक (b) अतयाधिक
(c) अत्यधीक (d) अत्याधिक

उत्तर-(a)

व्याख्या-अत्याधिक के स्थान पर शुद्ध शब्द अत्यधिक होगा।

## भाग-2 : गणित

26. एक व्यापारी अपनी वस्तुओं पर 25% मूल्य बढ़ाकर अंकित करता है। यदि वह अंकित मूल्य पर 4% छूट देता है, तो उसका लाभ प्रतिशत कितना होगा?

(a) 10% (b) 15%
(c) 20% (d) 25%

उत्तर-(c)

प्रश्न का हल

माना वस्तु का क्रय मूल्य x रु.

तब अंकित मूल्य $= x \times \frac{125}{100} = \frac{5}{4}x$ रु.

वस्तु का विक्रय मूल्य $= \frac{5x}{4} \times \frac{96}{100} = \frac{6x}{5}$

लाभ = S.P. – C.P. $= \frac{6x}{5} - x = \frac{6x-5x}{5} = \frac{x}{5}$

लाभ% $= \frac{\frac{x}{5}}{x} \times 100 = 20\%$

27. तीन संख्याओं का योगफल 392 है। पहली तथा दूसरी संख्या का अनुपात 2:3 है और दूसरी तथा तीसरी संख्या का अनुपात 5:8 है। तो पहली संख्या है-

(a) 120 (b) 60
(c) 100 (d) 80

उत्तर-(d)

प्रश्न का हल

पहली तथा दूसरी संख्या का अनुपात = 2 : 3 ⇒ 10 : 15

दूसरी तथा तीसरी संख्या का अनुपात = 5 : 8 ⇒ 15 : 24

अतः पहली, दूसरी और तीसरी संख्या का अनुपात = 10: 15: 24

$= 10x : 15x : 24x$

तीनों संख्याओं का योगफल $(10+15+24)x = 392$

$49x = 392$

$x = \frac{392}{49} = 8$

पहली संख्या $10x = 10 \times 8 = 80$

28. चार अंकों की बड़ी-से-बड़ी संख्या जो 24, 30, 36 में से प्रत्येक से विभाजित हो, कौन-सी है?

(a) 9360 (b) 9960
(c) 9840 (d) 9620

उत्तर-(a)

प्रश्न का हल

24, 30, 36 का ल. स.

$24 = 2 \times 2 \times 2 \times 3$

$30 = 2 \times 3 \times 5$

$36 = \underline{2 \times 2 \times 3 \times 3}$

ल.स. = $2 \times 2 \times 2 \times 3 \times 3 \times 5 = 360$

4 अंकों की सबसे बड़ी संख्या = 9999

360 से विभाजित होने वाली संख्या $= \frac{9999}{360} = 27\frac{279}{360}$

$= 360 \times 27 = 9720$

9720, 24, 30, 36 से पूर्णतया विभाजित होगी किन्तु विकल्प में न होने के कारण 4 अंकों की दूसरी बड़ी संख्या

$= 9720 - 360 = 9360$

29. यदि आंकड़ों के एक समूह के माध्य और मानक विचलन गुणांक क्रमशः 10 और 5 हैं, तो आंकड़ों के समूह का मानक विचलन होगा।

(a) 50 (b) 5
(c) 1 (d) 10

उत्तर-(a)

प्रश्न का हल

मानक विचलन गुणांक $= \frac{\text{समूह का मानक विचलन}}{\text{माध्य}}$

$5 = \frac{S}{10}$

मानक विचलन (S) = 50

30. यदि $x^2 + \frac{1}{x^2} = 23$ हो, तो $x^4 + \frac{1}{x^4}$ का मान है

(a) 429 (b) 629
(c) 527 (d) 526

उत्तर-(c)

प्रश्न का हल

दिया गया है, $x^2 + \frac{1}{x^2} = 23$ .......... (1)

समी. (1) का वर्ग करने पर

$$\left(x^2+\frac{1}{x^2}\right)^2=(23)^2$$

$$x^4+\frac{1}{x^4}+2.x^2\frac{1}{x^2}=(23)^2$$

$$\Rightarrow x^4+\frac{1}{x^4}+2=529$$

$$\Rightarrow x^4+\frac{1}{x^4}=527$$

**31. सुरेश तथा संदीप एक व्यवसाय में साझेदार हैं। सुरेश ने 5 माह के लिए रु. 5,000 तथा संदीप ने 6 माह के लिए रु. 6,000 व्यवसाय में लगाए। वर्ष के अंत में रु. 610 के कुल लाभ में से संदीप को कितना मिलेगा?**

(a) रु. 410 (b) रु. 380

(c) रु. 400 (d) रु. 360

**उत्तर-(d)**

**प्रश्न का हल**

सुरेश तथा संदीप की पूंजियों का अनुपात

$= 5\times5000 : 6000\times6$

$= 25 : 36$

दोनों का अनुपातिक योग = 25 + 36 = 61

संदीप का लाभ $=\frac{610\times36}{61}=360$ रु.

**32. दो संख्याओं का अनुपात 3 : 5 है और उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 300 है। छोटी संख्या है।**

(a) 75 (b) 60

(c) 90 (d) 45

**उत्तर-(b)**

**प्रश्न का हल**

माना पहली संख्या = 3x

दूसरी संख्या = 5x

ल. स. = 3×5×x = 300

15x = 300

x = 20

अतः छोटी संख्या = 3x = 3 × 20 = 60

**33. $\sqrt{15612+\sqrt{154+\sqrt{225}}}$ का मान है**

(a) 115 (b) 125

(c) 99 (d) 110

**उत्तर-(b)**

**प्रश्न का हल**

$$\sqrt{15612+\sqrt{154+\sqrt{225}}}$$

$$=\sqrt{15612+\sqrt{154+15}}$$

$$=\sqrt{15612+\sqrt{169}}$$

$$=\sqrt{15612+13}=\sqrt{15625}=125$$

**34. n, (n+1), (n+2), (n+3), (n+4), (n+5) का औसत है-**

(a) $(n+2)$ (b) $3(2n+5)$

(c) $n\sqrt{2}$ (d) $\left[n+\frac{5}{2}\right]$

**उत्तर-(d)**

**प्रश्न का हल**

$$\text{औसत}=\frac{\text{पदों का योग}}{\text{पदों की संख्या}}$$

$$=\frac{n+(n+1)+(n+2)+(n+3)+(n+4)+(n+5)}{6}$$

$$=\frac{6n+15}{6}$$

$$=\frac{3(2n+5)}{6}=\frac{2n+5}{2}=\frac{2n}{2}+\frac{5}{2}=\left(n+\frac{5}{2}\right)$$

**35. यदि किसी भिन्न के हर में 1 जोड़ा जाता है, तो भिन्न $\frac{1}{2}$ हो जाता है। यदि भिन्न के अंश में 1 जोड़ा जाता है, तो भिन्न 1 हो जाता है। भिन्न के अंश और हर का योगफल है**

(a) 21 (b) 5

(c) 11 (d) 14

**उत्तर-(b)**

**प्रश्न का हल**

माना भिन्न $\frac{x}{y}$ है

प्रथम शर्तानुसार,

$$\frac{x}{y+1}=\frac{1}{2}$$

$$\Rightarrow 2x=y+1$$

$$\Rightarrow 2x-y=1\ldots\ldots(i)$$

द्वितीय शर्तानुसार,

$$\frac{x+1}{y}=1$$

$$\Rightarrow x+1=y$$

$\Rightarrow \quad x - y = -1 \ldots\ldots (ii)$

समी. (i) से (ii) को घटाने पर

$2x - y = 1$

$\underline{-x \mp y = \mp 1}$

$\underline{x = 2}$

x का मान समी. (ii) में रखने पर y = 3

तो भिन्न $\frac{x}{y} = \frac{2}{3}$

अतः भिन्न के अंश और हर का योगफल = 2 + 3 = 5

**36. तीन भिन्न-भिन्न पात्रों में भिन्न-भिन्न मात्राओं के दूध और जल के मिश्रण हैं, जिनकी माप 403 लीटर, 434 लीटर और 465 लीटर है। बड़े-से-बड़ा माप (लीटर में) क्या होना चाहिए जिससे सभी भिन्न-भिन्न मात्राओं को पूर्णतया मापा जा सके?**

(a) 41 (b) 31
(c) 70 (d) 51

**उत्तर-(b)**

**प्रश्न का हल**

403, 434, 465 का अभीष्ट म.स. ही बड़े से बड़ा माप होगा

$403 = 13 \times 31$

$434 = 2 \times 7 \times 31$

$465 = 3 \times 5 \times 31$

अभीष्ट म.स. = 31

स्पष्ट है कि 31 ही बड़े से बड़ा माप है जिससे सभी मात्राओं को पूर्णतया मापा जा सकता है।

**37. 720 मिठाइयाँ बच्चों में बराबर-बराबर इस प्रकार बाँटी जाती हैं कि प्रत्येक बच्चे को मिली मिठाइयों की संख्या बच्चों की कुल संख्या के 20% के बराबर होती है। प्रत्येक बच्चे को कितनी मिठाइयाँ मिलीं?**

(a) 11 (b) 15
(c) 12 (d) 14

**उत्तर-(c)**

**प्रश्न का हल**

माना कुल बच्चों की संख्या n है

प्रश्न से,

प्रत्येक बच्चे को मिली मिठाइयों की संख्या

= कुल बच्चों का 20%

$\frac{720}{n} = n \times 20\% \Rightarrow \frac{720}{n} = n \times \frac{20}{100}$

$\Rightarrow \frac{720}{n} = \frac{n}{5}$

$\Rightarrow n^2 = 720 \times 5 \Rightarrow n^2 = 3600$

$\Rightarrow n = 60$

अतः प्रत्येक बच्चे को मिली मिठाइयों की संख्या

$= \frac{720}{60} = 12$

**38. वह छोटी-से-छोटी संख्या जिसे 512 से गुणा करने पर प्राप्त गुणनफल एक पूर्ण घन हो, है**

(a) 8 (b) 9
(c) 10 (d) 7

**उत्तर-(a)**

**प्रश्न का हल**

$512 = \underline{2 \times 2 \times 2} \times \underline{2 \times 2 \times 2} \times \underline{2 \times 2 \times 2}$

$= 2 \times 2 \times 2 = 8$

सबसे छोटी से छोटी संख्या 8 है जिससे गुणा करने पर

$\sqrt{512 \times 8} = \underline{2\times2\times2} \times \underline{2\times2\times2} \times \underline{2\times2\times2} \times \underline{2\times2\times2}$

$= 2\times2\times2\times2 = (16)^3$ भी एक पूर्ण घन संख्या होगी

**39. 36 व्यक्ति एक कार्य को 18 दिन में पूरा कर सकते हैं। 27 व्यक्ति उसी कार्य को कितने दिन में पूरा करेंगे?**

(a) 22 (b) 12
(c) 18 (d) 24

**उत्तर-(d)**

**प्रश्न का हल**

सूत्र- $M_1 \times D_1 = M_2 \times D_2$

(यहाँ M मजदूरों की संख्या तथा D दिनों की संख्या है)

$M_1 = 36, M_2 = 27, D_1 = 18, D_2 = ?$

$36 \times 18 = 27 \times D_2$

$\Rightarrow D_2 = \frac{36 \times 18}{27} = 24$ दिन

**40. एक धनराशि साधारण ब्याज पर 2 वर्षों के लिए किसी निश्चित दर पर दी जाती है। यदि इसे 3% उच्चतर दर पर दिया जाता है, तो रु. 300 अधिक प्राप्त होते। धनराशि है**

(a) रु. 5,000 (b) रु. 5,400
(c) रु. 5,300 (d) रु. 5,500

**उत्तर-(a)**

**प्रश्न का हल**

माना धनराशि = x रु., समय = 2 वर्ष, दर = r% है।

$\frac{x \times (r+3) \times 2}{100} - \frac{x \times r \times 2}{100} = 300$

$\Rightarrow \frac{x.(2r+6)}{100} - \frac{2xr}{100} = 300$

$\Rightarrow \frac{2xr}{100} + \frac{6x}{100} - \frac{2xr}{100} = 300$

$\Rightarrow \frac{6x}{100} = 300$

$$\Rightarrow x = \frac{300 \times 100}{6}$$

$$\Rightarrow x = 50 \times 100$$

$$x = 5000 \text{ रु.}$$

**41. A, B और C एक कम्पनी में हिस्सेदार (अंशधारक) है। किसी एक वर्ष में A को लाभ का $\frac{1}{3}$ भाग मिला, B को $\frac{1}{4}$ भाग मिला, और C को रु. 5,000 मिले। तब A को कितना लाभ मिला है?**

(a) रु. 1,000 (b) रु. 4,000
(c) रु. 3,000 (d) रु. 5,000

उत्तर-(b)

**प्रश्न का हल**

कंपनी में C का लाभ $= 1 - \left(\frac{1}{4}+\frac{1}{3}\right) = 1 - \frac{3+4}{12} = 1 - \frac{7}{12} =$

$= \frac{12-7}{12} = \frac{5}{12}$ भाग

प्रश्नानुसार, $\frac{5}{12}$ भाग = 5000

अत: कुल लाभ $= 5000 \times \frac{12}{5} = 1000 \times 12 = 12000$ रु.

$\therefore$ A को मिला लाभ $= \frac{12000}{3} = 4000$ रु.

**42. एक समबाहु त्रिभुज की ऊँचाई क्या होगी जिसकी प्रत्येक भुजा 4 सेमी है?**

(a) $\sqrt{3}$ सेमी (b) $2\sqrt{3}$ सेमी
(c) $3\sqrt{3}$ सेमी (d) $4\sqrt{3}$ सेमी

उत्तर-(b)

**प्रश्न का हल**

समबाहु त्रिभुज की सभी भुजाएं आपस में बराबर होती हैं।

a भुजा वाले समबाहु त्रिभुज की ऊँचाई $= \frac{\sqrt{3}}{2}a$

$= \frac{\sqrt{3}}{2} \times 4 = 2\sqrt{3}$ सेमी.

**43. एक त्रिभुज की तीनों भुजाओं की लम्बाइयाँ क्रमश: 35 सेमी, 40 सेमी तथा 45 सेमी हैं। त्रिभुज का क्षेत्रफल होगा लगभग**

(a) 678.82 सेमी$^2$ (b) 760.82 सेमी$^2$
(c) 670.82 सेमी$^2$ (d) 762.82 सेमी$^2$

उत्तर-(c)

**प्रश्न का हल**

$$S = \frac{a+b+c}{2} = \frac{35+40+45}{2} = 60$$

क्षेत्रफल $= \sqrt{S(S-a)(S-b)(S-c)}$

$= \sqrt{60(60-35)(60-40)(60-45)}$

$= \sqrt{60 \times 25 \times 20 \times 15}$

$= \sqrt{3 \times 20 \times 5 \times 5 \times 20 \times 15}$

$= 100\sqrt{45} = 100 \times 6.7082$

$= 670.82$ सेमी.$^2$

**44. रघु ने 1200 किमी यात्रा हवाई जहाज़ से तय की जो उसकी कुल यात्रा का $\frac{2}{5}$ भाग थी। उसने कुल यात्रा का $\frac{1}{3}$ भाग कार द्वारा तथा शेष यात्रा रेलगाड़ी द्वारा तय की। रेलगाड़ी द्वारा तय की गई यात्रा की दूरी है**

(a) 1800 किमी (b) 480 किमी
(c) 1600 किमी (d) 800 किमी

उत्तर-(d)

**प्रश्न का हल**

हवाई जहाज से तय दूरी = कुल यात्रा का $\frac{2}{5}$ भाग

= 1200 किमी.

$\therefore$ यात्रा की कुल दूरी $= 1200 \times \frac{5}{2} = 3000$ किमी.

रेलगाड़ी से तय दूरी $= 1 - \left(\frac{2}{5}+\frac{1}{3}\right) = 1 - \frac{11}{15} = \frac{4}{15}$ भाग

$\therefore$ रेलगाड़ी से तय दूरी $= 3000 \times \frac{4}{15} = 800$ किमी.

**45. एक शोधकर्ता ने निम्नलिखित प्रतिदर्श आंकड़ों को एकत्रित किया :**
**5, 12, 6, 8, 5, 6, 7, 5, 12, 4, 1**
**माध्यिका है**

(a) 6 (b) 7
(c) 8 (d) 5

उत्तर-(a)

**प्रश्न का हल**

प्रतिदर्श आंकड़ों को आरोही क्रम में रखने पर

1, 4, 5, 5, 5, 6, 6, 7, 8, 12, 12

n = 11 (विषम है)

माध्यिका $= \frac{n+1}{2}$ वां पद

अत: माध्यिका $= \frac{11+1}{2}$ वां पद = 6वां पद = 6

46. यदि एक त्रिभुज की भुजाओं का अनुपात 3 : 4 : 5 है और उसका क्षेत्रफल 216 वर्ग सेमी है, तो त्रिभुज का परिमाप होगा-

(a) 76 सेमी (b) 84 सेमी
(c) 80 सेमी (d) 72 सेमी

उत्तर-(d)

प्रश्न का हल

त्रिभुज का परिमाप (2S = a + b + c)

$$a : b : c = 3x : 4x : 5x$$

$$2S = 3x + 4x + 5x = 12x \Rightarrow S = \frac{12x}{2} = 6x$$

त्रिभुज का क्षेत्रफल $= \sqrt{S(S-a)(S-b)(S-c)}$

$$= \sqrt{6x \times 3x \times 2x \times x}$$

$$= \sqrt{36x^4} = 6x^2$$

प्रश्न से, त्रिभुज का क्षेत्रफल = 216

$$\Rightarrow 6x^2 = 216 \Rightarrow 6x = 36$$

$$\Rightarrow x = 6$$

अत: त्रिभुजा का परिमाप = 12x = 12 × 6 = 72 सेमी.

47. दो संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) 520 है और उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 4 है। यदि इनमें से एक संख्या 52 हो, तो दूसरी संख्या है

(a) 40 (b) 42
(c) 50 (d) 52

उत्तर-(a)

प्रश्न का हल

माना दूसरी संख्या = $x$

ल.स. × म. स. = पहली संख्या × दूसरी संख्या

प्रश्नानुसार,

$$520 \times 4 = 52 \times x$$

$$x = \frac{520 \times 4}{52} = 40$$

48. आंकड़ा समूह का सबसे अधिक बारंबार आने वाला मान कहलाता है -

(a) बहुलक (b) माध्य
(c) माध्यिका (d) परिसर

उत्तर-(a)

प्रश्न का हल

आंकड़ों में जिसकी बारम्बारता सर्वाधिक होती है बहुलक कहलाता है। माध्यिका का आशय किसी समेकन मात्रा के मध्य के मूल्य या पद से होता है।

49. किसी कक्षा के 15 विद्यार्थियों की औसत आयु 15 वर्ष है। इनमें से 5 विद्यार्थियों की औसत आयु 14 वर्ष है तथा अन्य 9 विद्यार्थियों की औसत आयु 16 वर्ष है। 15 वें विद्यार्थी की आयु है -

(a) 14 वर्ष (b) 11 वर्ष
(c) $15\frac{2}{7}$ वर्ष (d) 15 वर्ष

उत्तर-(b)

प्रश्न का हल

15 विद्यार्थियों की औसत आयु = 15 वर्ष

15 विद्यार्थियों की कुल आयु = 15 × 15 = 225

5 विद्यार्थियों की कुल आयु = 5 × 14 = 70

9 विद्यार्थियों की कुल आयु = 9 × 16 = 144

अत: 15वें विद्यार्थी की आयु = 225 - (70 + 144)

= 225 − 214 = 11 वर्ष

50. एक समचतुर्भुज का क्षेत्रफल 500 सेमी$^2$ है और इसके एक विकर्ण की लम्बाई 25 सेमी है। तब दूसरे विकर्ण की लम्बाई होगी -

(a) 20 सेमी (b) 50 सेमी
(c) 40 सेमी (d) 30 सेमी

उत्तर-(c)

प्रश्न का हल

माना दूसरे विकर्ण की लम्बाई x है

सम चतुर्भज का क्षेत्रफल $= \frac{1}{2} \times$ विकर्णों का गुणनफल

$$500 = \frac{1}{2} \times 25 \times x$$

$$x = \frac{500 \times 2}{25} = 40 \text{ सेमी.}$$

# भाग-3 : सामान्य जानकारी

51. गाँधीजी ने भारत छोड़ो आन्दोलन कब शुरू किया था?

(a) 1940 (b) 1942
(c) 1945 (d) 1946

उत्तर-(b)

व्याख्या-गाँधी जी भारत छोड़ो आन्दोलन में 'करो या मरो' का नारा दिया। उन्होंने इस आन्दोलन की शुरूआत 9 अगस्त 1942 को किया।

52. गदर क्रान्ति आरम्भ होने का सबसे प्रमुख कारण क्या था?

(a) प्रथम विश्व युद्ध आरम्भ होना
(b) करतार सिंह सराभा को फाँसी देना
(c) कामागाता मारू घटना
(d) लाला हरदयाल की गिरफ्तारी

उत्तर-(a)

व्याख्या–विपिन चन्द्रा के अनुसार प्रथम विश्व युद्ध में भारतीय सैनिकों को शामिल करना गदर क्रान्ति के आरम्भ होने का मुख्य कारण था। लाला हरदयाल की गिरफ्तारी, कामागाता मारू प्रकरण एवं प्रथम विश्व युद्ध का आरम्भ गदर आंदोलन की भावी राजनीति को प्रभावित किया।

**53. निम्नलिखित में से कौन-सा मेरु-रज्जु का एक महत्वपूर्ण कार्य है?**

(a) द्रव्य स्थानांतरण (b) श्वसन नियंत्रण

(c) प्रतिवर्ती क्रियाओं का नियंत्रण (d) रक्त का पम्पन

**उत्तर-(c)**

व्याख्या–मेरूरज्जु का महत्वपूर्ण कार्य प्रतिवर्ती क्रियाओं का नियंत्रण करना है। मनुष्य का केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र दो भागों से मिलकर बना होता है 1. मस्तिष्क एवं 2. मेरूरज्जु। गौरतलब है कि प्रतिवर्ती क्रियाओं का पता सर्वप्रथम मार्शल हॉल नामक वैज्ञानिक ने लगाया था।

**54. उप-राष्ट्रपति को अपना कार्यकाल समाप्त होने से पूर्व अपने पद से हटाने का अधिकार निम्नलिखित में से किसके पास है?**

(a) राज्य सभा (b) उच्चतम न्यायालय

(c) राष्ट्रपति (d) लोकसभा

**उत्तर-(a)**

व्याख्या–उपराष्ट्रपति को अपना कार्यकाल समाप्त होने से पूर्व केवल राज्य सभा द्वारा हटाया जा सकता है। ध्यातव्य है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 678 में राज्य सभा द्वारा उपराष्ट्रपति को हटाने के संबंध में प्रावधान किया गया है।

**55. निम्नलिखित में से किसका प्रशांतक औषध के रूप में प्रयोग किया जाता है?**

(a) ग्लूकोस (b) ऐम्पिसिलिन

(c) ऐस्पिरिन (d) वैलियम

**उत्तर-(d)**

व्याख्या–वैलियम का प्रयोग प्रशांतक औषधि के रूप में किया जाता है।

**56. मोहिनीअट्टम नृत्य रूप निम्नलिखित में से किस राज्य से संबद्ध है?**

(a) ओडिशा (b) केरल

(c) कर्नाटक (d) तमिलनाडु

**उत्तर-(b)**

व्याख्या–मोहिनीअट्टम केरल का प्रमुख शास्त्रीय लोकनृत्य है। ध्यातव्य है कि मोहिनीअट्टम नृत्य शब्द मोहिनी के नाम से बना है। मोहिनी रूप हिन्दुओं के देव भगवान विष्णु ने धारण इसलिए किया था ताकि बुरी ताकतों के ऊपर अच्छी ताकत की जीत हो सके।

**57. राष्ट्रीय आय को प्राय: कहा जाता है**

(a) $NDP_{MP}$ (b) $NDP_{FC}$

(c) $NNP_{MP}$ (d) $NNP_{FC}$

**उत्तर-(d)**

व्याख्या–राष्ट्रीय आय की गणना साधन कीमत (Factor cost) पर की जाती है इसलिए इसे $NNP_{FC}$ भी कहा जाता है।

**58. 15 मार्च, 2015 को बैडमिंटन चैम्पियनशिप-स्विस ग्रांड प्रिक्स गोल्ड का विजेता कौन था?**

(a) के. श्रीकांत (b) अभिमन्यु सिंह

(c) समीर वर्मा (d) साइना नेहवाल

**उत्तर-(a)**

व्याख्या–के. श्रीकांत मार्च, 2015 को बैडमिंटन चैम्पियनशिप स्विस ग्रांड प्रिक्स गोल्ड के विजेता हैं।

**59. काबिनी, हेमवती और अमरावती कौन-सी नदी की सहायक नदियाँ हैं?**

(a) महानदी (b) कृष्णा

(c) कावेरी (d) गोदावरी

**उत्तर-(c)**

व्याख्या–काबिनी, हेमवती और अमरावती दक्षिण भारत की प्रमुख नदी कावेरी की सहायक नदी है। कावेरी कर्नाटक तथा उत्तरी तमिलनाडु में बहने वाली एक सदानीरा नदी है। यह पश्चिमी घाट के पर्वत ब्रह्मगिरि पहाड़ी से निकलती है।

**60. 1857 के प्रथम स्वतंत्रता विद्रोह में भाग लेने वाली प्रसिद्ध महिला स्वतंत्रता सेनानी कौन थी?**

(a) कस्तूरबा गाँधी (b) भीकाजी कामा

(c) सरोजिनी नायडू (d) बेगम हजरत महल

**उत्तर-(d)**

व्याख्या–बेगम हजरत महल 1857 के प्रथम स्वतंत्रता विद्रोह में भाग लेने वाली प्रसिद्ध महिला स्वतंत्रता सेनानी थी। इन्होंने लखनऊ से क्रांति का नेतृत्व किया। अपने नाबालिक पुत्र विरजिस कादर को गद्दी पर बैठाकर उन्होंने अंग्रेजी सेना का स्वयं मुकाबला किया।

**61. समान प्रावस्था में कम्पायमान, माध्यम के किन्हीं दो सबसे निकटतम कणों के बीच की दूरी---होती है।**

(a) तरंगदैध्य (b) आवृत्ति

(c) वेग (d) आयाम

**उत्तर-(a)**

व्याख्या–समान प्रावस्था में कम्पायमान माध्यम के किन्हीं दो सबसे निकटतम कणों के बीच की दूरी तरंग दैर्ध्य कहलाती है।

**62. शहरों के बाहर आर्थिक सुअवसर बनाने के लिए -----मॉडल शहरी आधारभूत संरचना और सेवाएँ ग्रामीण केन्द्रों में स्थापित करने का प्रस्ताव रखता है।**

(a) महालनोबिस (b) पुरा (PURA)

(c) गाँधीवादी (d) एल.पी.जी (LPG)

**उत्तर-(b)**

व्याख्या–पुरा (PURA) केन्द्र द्वारा संचालित एक पायलट प्रोग्राम है जिसे 2004 से भारत के सभी राज्यों में शहरों के बाहर आर्थिक सुअवसर बनाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित है।

**63. हाल ही में किस देश ने नए Wu-14 अतिध्वनिक स्ट्राइक यान का चौथा सफल परीक्षण किया जो परमाणु अस्त्र प्रदान करने में सक्षम है?**
(a) भारत (b) चीन
(c) रूस (d) यू.एस.ए
**उत्तर-(b)**

व्याख्या–चीन ने नये Wu-14 अतिध्वनिक स्ट्राइक यान का चौथा सफल परीक्षण किया जो परमाणु अस् त्र प्रदान करने में सक्षम है।

**64. यांत्रिक ऊर्जा को वैद्युत ऊर्जा में रूपांतरित करने के लिए -------का प्रयोग किया जाता है।**
(a) डायनेमो (b) माइक्रोफोन
(c) विद्युत मोटर (d) बैटरी
**उत्तर-(a)**

व्याख्या–डायनेमो मूल रूप से विद्युत जनरेटर का दूसरा नाम है जिसका प्रयोग यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में रूपांतरित करने के रूप में किया जाता है। डायनेमों में घूर्णन करती हुई तारों की कुण्डली और चुम्बकीय क्षेत्र का उपयोग करके यांत्रिक घूर्णन की ऊर्जा को फैराडे के नियमानुसार दिष्ट धारा में परिवर्तित किया जाता है।

**65. निम्नलिखित में से कौन-सा देश का संसार में धान उत्पादन में दूसरा स्थान है?**
(a) चीन (b) यू.एस.ए.
(c) रूस (d) भारत
**उत्तर-(d)**

व्याख्या–वर्तमान आकड़ों के आधार पर विश्व में धान का सर्वाधिक चीन करता है जबकि द्वितीय स्थान भारत का है।

**66. 'वर्ष 2015 के सर्वोत्तम कल्याण संगठन' पुरस्कार से--- को सम्मानित किया गया।**
(a) इंडियन कम्यूनिटी वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन
(b) इंडियन रेलवे वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन
(c) स्माइल फाउंडेशन
(d) नेशनल यूनियन ऑफ सीफेयरर्स ऑफ इण्डिया
**उत्तर-(d)**

व्याख्या–नेशनल यूनियन ऑफ सीफेयर्रस ऑफ इण्डिया को वर्ष 2015 का सर्वोत्तम कल्याण संगठन के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**67. निम्नलिखित में से किसको ''लोकनायक'' के रूप में जाना जाता था?**
(a) सी.एफ. एन्डयूज़ (b) जयप्रकाश नारायण
(c) चित्तरंजन दास (d) आशुतोष मुखर्जी
**उत्तर-(b)**

व्याख्या–जयप्रकाश नारायण को लोकनायक के रूप में जाना जाता है। गौरतलब है 1942 के भारत छोड़ो आन्दोलन में जय प्रकाश नारायण ने महती भूमिका निभायी।

**68. भारत की लगभग आधी जनसंख्या मात्र पाँच राज्यों में रहती है। निम्नलिखित में से कौन-सा एक इन पाँच घनी जनसंख्या वाले राज्यों में से नहीं है?**
(a) बिहार (b) पश्चिम बंगाल
(c) केरल (d) महाराष्ट्र
**उत्तर-(c)**

व्याख्या–2011 की जनगणना के अनुसार भारत के पाँच बड़े राज्यों का क्रम इस प्रकार है- उ.प्र., महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल एवं आन्ध्र प्रदेश है। ध्यातव्य है कि उपरोक्त इन्हीं राज्यों में ही भारत की आधे से अधिक आबादी है। शीर्ष पाँच में केरल का स्थान नहीं है।

**69. निम्नलिखित में से कौन अवध के कृषक आन्दोलन का नेता था?**
(a) बाबा राम चन्द्र (b) महात्मा गाँधी
(c) बी.आर. अम्बेडकर (d) अल्लूरी सीताराम राजू
**उत्तर-(a)**

व्याख्या–अवध के किसान आन्दोलन का नेतृत्व बाबा रामचन्द्र ने किया था। उत्तर प्रदेश के किसान आन्दोलन को 1920 ई. के दशक में सर्वाधिक मजबूती बाबा रामचन्द्र ने प्रदान की। उन्हीं के व्यक्तिगत प्रयासों से ही 17 अक्टूबर 1921 को प्रतापगढ़ जिले में 'अवध किसान सभा' का गठन किया गया।

**70. निम्नलिखित में से कौन वर्तमान में विश्व बैंक का अध्यक्ष है?**
(a) जिम योंग किम (b) लेविस प्रेस्टन
(c) बार्बर कोनेबल (d) पॉल वॉल्फोविट्ज
**उत्तर-(a)**

व्याख्या–जिम योंग किम वर्तमान में विश्व बैंक के अध्यक्ष हैं। ध्यातव्य है कि विश्व बैंक की स्थापना 1945 में की गयी थी। इसका मुख्यालय अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डी.सी. में है। वर्तमान समय में इसके सदस्यों की संख्या 189 है।

**71. मशरूम किसके उदाहरण हैं?**
(a) वाइरस (विषाणु) के
(b) लाइकेन (शैक) के
(c) फंजाई (कवक) के
(d) बैक्टीरिया (जीवाणु) के
**उत्तर-(c)**

व्याख्या–मशरूम कवक का उदाहरण है। फंफूद या कवक एक प्रकार के पौधे हैं जो अपना भोजन सड़े-गले मृत कार्बनिक पदार्थों से प्राप्त करते हैं। इनका सबसे बड़ा लाभ संसार के अपमार्जक के रूप में कार्य करना है।

**72. दिल्ली मेट्रो को अपनी प्रथम ड्राइवर-रहित रेलगाड़ी किस देश से प्राप्त हुई थी?**

(a) रूस (b) दक्षिण कोरिया
(c) फ्रांस (d) यू.एस.ए.

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**–दक्षिण कोरिया के सहयोग से दिल्ली मेट्रो को अपनी प्रथम ड्राइवर-रहित रेलगाड़ी प्राप्त हुई थी। जिसका उद्घाटन जून 2015 में किया गया था।

**73. भारत में पंचायती राज स्थापित करने वाले प्रथम दो राज्य कौन-से थे?**

(a) राजस्थान और महाराष्ट्र
(b) राजस्थान और पश्चिम बंगाल
(c) राजस्थान और आंध्र प्रदेश
(d) राजस्थान और पंजाब

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या**–राजस्थान एवं आन्ध्र प्रदेश भारत में पंचायती राज स्थापित करने वाले प्रथम दो राज्य हैं। ध्यातव्य है कि बलवंत राय मेहता समिति की रिपोर्ट के आधार पर सर्वप्रथम 2 अक्टूबर, 1959 को राजस्थान के नागौर जिले में पंचायती राज प्रणाली का शुभारम्भ किया गया।

**74. भारत ने पृथ्वी के धरातल का कितना प्रतिशत घेरा हुआ है?**

(a) 3.4 (b) 4.4
(c) 5.4 (d) 2.4

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**–भारत का क्षेत्रफल पृथ्वी के कुल क्षेत्रफल का 2.4% है। ध्यातव्य है कि भारत क्षेत्रफल के आधार पर विश्व का सातवां बड़ा देश है। जिससे रूस एवं कनाडा का क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान है।

**75. अशोक के आक्रमण के दौरान कलिंग (पूर्वी प्रांत) की राजधानी कौन-सी थी?**

(a) तक्षशिला (b) पाटलीपुत्र
(c) उज्जैन (d) तोशाली

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या**–अशोक ने 261 ई.पू. में कलिंग पर आक्रमण किया था जिसकी राजधानी तोशाली थी। अशोक के कलिंग युद्ध का वर्णन उसके 13वें शिलालेख में किया गया है।

## भाग-4 : ग्रामीण विकास

**76. कौन-सी उपभाषा राज्य के पश्चिमी भागों-रोहिलखण्ड और उपरि दोआब में बोली जाती है?**

(a) बुन्देलखण्डी (b) खड़ी बोली
(c) अवधी (d) ब्रज भाषा

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या**–खड़ी बोली पश्चिम-रोहेलखण्ड, गंगा के उत्तरी-दोआब तथा अंबाला जिले की उपभाषा है। जो ग्रामीण जनता के द्वारा मातृभाषा के रूप में बोली जाती है।

**77. तहसील स्तर पर सरकारी निकायों को क्या कहा जाता है?**

(a) पंचायत समिति (b) ग्राम सभा
(c) ग्राम पंचायत (d) नगरपालिका

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या**–पंचायत समिति तहसील स्तर पर सरकारी निकाय है। जबकि ग्राम पंचायत, ग्राम स्तर पर शीर्ष संस्था है एवं नगरपालिका जिले स्तर शहरी निकाय संस्था है।

**78. 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश का सबसे अधिक जनसंख्या वाला शहर कौन-सा है?**

(a) कानपुर (b) लखनऊ
(c) अलीगढ़ (d) बरेली

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या**–कानपुर शहर की जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश का शीर्ष शहर है। इसकी जनसंख्या 2920067 है जबकि द्वितीय स्थान पर लखनऊ शहर है।

**79. हाल ही में केन्द्र सरकार को प्रस्तुत की गई सी.रंगराजन की रिपोर्ट के अनुसार, कोई व्यक्ति जो ग्रामीण क्षेत्रों में ------- से अधिक खर्च करता है, उसे गरीब नहीं समझा जाएगा।**

(a) 32 (b) 43
(c) 50 (d) 26

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या**–केन्द्र सरकार को प्रस्ततु की गयी सी. रंगराजन की रिपोर्ट के अनुसार कोई व्यक्ति जो ग्रामीण क्षेत्रों में 32 रु. से अधिक खर्च करता है, उसे गरीब नहीं कहा जायेगा अर्थात् जो व्यक्ति 32 रु. से कम कमाता है वह व्यक्ति गरीब है जबकि शहरी क्षेत्रों के लिए यही 47 रु. निर्धारित की गयी है।

**80. उत्तर प्रदेश के निम्नलिखित शहरों में से किससे पीतल उत्पादों का अधिकतम निर्यात किया जाता है?**

(a) मुरादाबाद (b) वाराणसी
(c) कानपुर (d) लखनऊ

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या**–उत्तर प्रदेश का मुरादाबाद जिला पीतल उत्पादों के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ के बने बर्तन भारत ही नहीं, विदेशों को भी निर्यात किये जाते हैं।

**81. उत्तर प्रदेश कितने ज़िलों में विभाजित है?**

(a) 75 (b) 85
(c) 95 (d) 65

**उत्तर-(a)**

व्याख्या–उत्तर प्रदेश में वर्तमान में 75 जिले है जिसमें 18 मण्डल हैं।

**82. अम्बेडकर विशेष रोज़गार योजना (AVRY) के अन्तर्गत, परियोजना की इकाई लागत -------से कम नहीं होनी चाहिए।**

(a) रु. 60,000 (b) रु. 75,000
(c) रु. 1,00,000 (d) रु. 50,000

**उत्तर-(d)**

व्याख्या–अम्बेडकर रोजगार योजना के अन्तर्गत, परियोजना की इकाई लागत 50000 रु. से कम नहीं होनी चाहिए।

**83. ----- –, सुल्तानपुर ने सामाजिक वानिकी योजना की कुशल कार्यप्रणाली के लिए केन्द्रीकृत डाटाबेस की समस्या का समाधान करने की पहल की है।**

(a) राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन
(b) ज़िला उद्योग केन्द्र
(c) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
(d) राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (नेशनल इन्फोर्मैटिक्स सेंटर- NIC)

**उत्तर-(d)**

व्याख्या–राष्ट्रीय सूचना केन्द्र, सुल्तानपुर ने सामाजिक वानिकी योजना की कुशल कार्यप्रणाली के लिए केन्द्रीकृत डाटाबेस की समस्या का समाधान करने की पहल है।

**84. उत्तर-मध्य रेलवे का मुख्यालय कहाँ स्थित है?**

(a) झाँसी (b) इलाहाबाद
(c) गाज़ियाबाद (d) आगरा

**उत्तर-(b)**

व्याख्या–उत्तर मध्य रेलवे का मुख्यालय इलाहाबाद है। ध्यातव्य है वर्तमान समय में भारत के कुल 17 रेलवे जोन हैं। 1952 में इलाहाबाद को उत्तर मध्य रेलवे का मुख्यालय बनाया गया है।

**85. भारत में स्थित किस शहर को विश्व का सबसे पुराना शहर माना जाता है?**

(a) कुशीनगर (b) वाराणसी
(c) आगरा (d) सारनाथ

**उत्तर-(b)**

व्याख्या–वाराणसी भारत ही नहीं विश्व का सबसे पुराना शहर है। वाराणसी एक धार्मिक शहर है। यह शहर सहस्त्रों वर्षों से भारत का, विशेषकर उत्तर-भारत का सांस्कृतिक एवं धार्मिक केन्द्र रहा है।

**86. चमड़े की वस्तुओं के लिए प्रसिद्ध जिले---- है।**

(a) आगरा और कानपुर
(b) सोनभद्र और इलाहाबाद
(c) जौनपुर और रामनगर
(d) मुरादाबाद और लखनऊ

**उत्तर-(a)**

व्याख्या–आगरा एवं कानपुर चमड़े की वस्तुओं के लिए प्रसिद्ध है। ध्यातव्य है कि कानपुर शहर के पेच बाग, नयी सड़क इलाके में सूबे की सबसे बड़ी चमड़ा मण्डी है।

**87. इंदिरा आवास योजना (IAY), जो एक केन्द्र समर्थित योजना है, का राज्य सरकार के साथ लागत सहभाजन अनुपात क्या है?**

(a) 80 : 20 (b) 75 : 25
(c) 66 : 34 (d) 90 : 10

**उत्तर-(b)**

व्याख्या–'इंदिरा आवास योजना' जिसे 2016 में प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम में परिवर्तित कर दिया गया। यह एक केन्द्र प्रायोजित योजना है। इस योजना का वित्त-पोषण 75 : 25, क्रमश: केन्द्र एवं राज्य के अनुपात में किया जाता है। उत्तर-पूर्व के राज्यों में यह अनुपात केन्द्र एवं राज्य के बीच क्रमश: 90 : 10 के रूप में विभाजित हैं।

**88. भू-कृषि का रिकॉर्ड कौन-सा है?**

(a) गिरदावरी (b) पंचनामा
(c) जमाबन्दी (d) खतौनी

**उत्तर-(a)**

व्याख्या–भू-कृषि का रिकॉर्ड गिरदावरी कहलाता है।

**89. एक बिस्वा का एक बीघा से क्या अनुपात है?**

(a) आधा (b) एक-चौथाई
(c) एक-दसवाँ (d) एक-बीसवाँ

**उत्तर-(d)**

व्याख्या–एक बीघा में 20 बिस्वा होता है। अर्थात् बीघा एवं बिस्वा का अनुपात क्रमश: 1 : 20 है। ज्ञातव्य है कि बीघा या बिस्वा खेत की माप की इकाई है।

**90. 1 एकड़ कितने वर्ग गज़ के बराबर होता है?**

(a) 4840 (b) 2025
(c) 4425 (d) 3025

**उत्तर-(a)**

व्याख्या–एक एकड़ 4840 वर्ग गज के बराबर होता है।

**91. एन.आर.ई.जी.पी. (NREGP) का पूर्ण रूप क्या है?**

(a) राष्ट्रीय ग्रामीण उद्यमिता गारन्टी कार्यक्रम
(b) राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा गारन्टी कार्यक्रम
(c) राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारन्टी कार्यक्रम
(d) राष्ट्रीय क्षेत्रीय रोज़गार गारन्टी कार्यक्रम

**उत्तर-(c)**

व्याख्या–राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम, जिसे संक्षिप्त में नरेगा कहा जाता है, एक केन्द्र प्रायोजित कार्यक्रम है। जिसे फरवरी 2006 में प्रारम्भ किया गया। वर्तमान समय में इसे 'नरेगा' के नाम से जाना जाता है। जिसका प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार का सृजन करना है। जबकि 2009 में इसका नाम 'मनरेगा' किया गया।

**92. जिला अस्पतालों के लिए भारतीय लोक स्वास्थ्य मानकों के अनुसार, 10 लाख जनसंख्या वाले प्रत्येक ज़िले में कम-से-कम कितने बिस्तर होने चाहिए?**

(a) 195 (b) 300
(c) 350 (d) 50

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-**भारतीय लोकव्यवस्था कार्यक्रम के मानकों के अनुसार 10 लाख जनसंख्या वाले प्रत्येक जिले में कम से कम 300 बिस्तर वाले जिला अस्पताल बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

**93. घरेलू व्यक्तिगत सौर जल हीटर के लिए आर्थिक सहायता योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश राज्य में क्या प्रोत्साहन दिया जाता है?**

(a) कर रियायत (b) बट्टा
(c) कर मुक्ति (d) छूट

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-**घरेलू व्यक्तिगत सौर-जल हीटर के लिए आर्थिक सहायता योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश राज्य में बट्टा प्रोत्साहन दिया जाता है।

**94. उत्तर प्रदेश की प्रमुख व्यावसायिक फ़सल क्या है?**

(a) गेहूँ (b) गन्ना
(c) मक्का (d) चावल

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-**गन्ना उत्तर प्रदेश की प्रमुख व्यावसायिक फसल है। 2015-16 के अनुमान के मुताबिक, उत्तर प्रदेश गन्ने का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है क्योंकि यह अनुमानित 145.39 मिलियन टन गन्ने का उत्पादन करता है। जो अखिल भारतीय उत्पादन का 41.28% है।

**95. एक ग्राम में ग्राम के वार्डों से चुने हुए कितने सदस्य होते हैं, जिन्हें "पंच" कहा जाता है?**

(a) 5 से 20 (b) 7 से 17
(c) 10 से 20 (d) 5 से 9

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-**पंचायती राज व्यवस्था के अन्तर्गत ग्राम स्तर पर स्थापित 'ग्राम पंचायत' पंचायत की सबसे निचली संस्था है। इसमें 5 से 20 सदस्यों के समूह को पंच कहा जाता है।

**96. उत्तर प्रदेश के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति----- करता है।**

(a) प्रधानमंत्री
(b) भारत का राष्ट्रपति
(c) सर्वोच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
(d) राज्यपाल

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-**उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश ही नहीं अपितु देश के सभी उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा होती है।

**97. उत्तर प्रदेश में एक वर्ष में न्यूनतम कितनी ग्राम सभा की बैठक (मीटिंग) होनी चाहिए?**

(a) 3 (b) 4
(c) 6 (d) 2

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-**उत्तर -प्रदेश में ग्राम सभा की कम से कम साल में दो बार बैठकें होनी चाहिए। ध्यातव्य है कि 73वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा पंचायतों को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया एवं 74वें संवैधानिक संशोधन द्वारा शहरी निकाय की व्यवस्था का प्रावधान किया गया।

**98. एक व्यक्ति के लिए पंचायत का सदस्य बनने की न्यूनतम आयु सीमा कितनी है?**

(a) 21 वर्ष (b) 25 वर्ष
(c) 35 वर्ष (d) 18 वर्ष

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-**पंचायती राज में सभी स्तरों पर चुनाव लड़ने या पंचायत का सदस्य बनने हेतु कम से कम 21 वर्ष की आयु होनी चाहिए। मतदाता की आयु 61वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा संशोधित होकर 21 के बजाय 18 वर्ष कर दिया गया। अर्थात् मतदाता की आयु कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए।

**99. मध्याह्न भोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत, विद्यालय स्तर पर बच्चों के न्यूनभार की प्रतिशतता का आकलन किस आवृत्ति पर किया जाना चाहिए?**

(a) अर्धवार्षिक (b) त्रैमासिक
(c) वार्षिक (d) मासिक

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-**विद्यालय स्तर पर बच्चों के न्यूनभार की प्रतिशतता का आंकलन अर्द्धवार्षिक आधार पर किया जाना चाहिए।

**100. एम.जी. एन. आर. ई. जी. ए. (MGNREGA) के अन्तर्गत सामग्री संघटक के मामले में, केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा किए गए निधिकरण का अनुपात ----होता है।**

(a) 100 : 0 (b) 50 : 50
(c) 25 : 75 (d) 75 : 25

**उत्तर-(d)**

**व्याख्या-**'मनरेगा' के अन्तर्गत 75 : 25 के अनुपात में केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा क्रमशः निधियन किया जाता है।